# ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में एक साथ सभी जिलों में होगा औद्योगिक निवेश : योगी

## एक वर्ष के लिए हर जिले के प्रभारी मंत्री तय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को मंत्रिमंडल के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। उन्होंने 10 फरवरी से शुरू हो रहे तीन दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में एक साथ सभी जिलों में औद्योगिक निवेश कराए जाने का निर्णय लिया। योगी ने कहा कि इससे निवेश के लिए अपार संभावनाओं के द्वार खोले जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस समिट का उद्घाटन करेंगे और सभी जिलों में इसका सजीव प्रसारण दिखाए जाने की व्यवस्था होगी। वहीं, आगामी एक वर्ष के लिए सभी जिलों के प्रभारी मंत्री भी तय कर दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि मंत्री अपने जिले की स्थिति से अपडेट रहें। नियमित जिले में भ्रमण करें। भ्रमण का कार्यक्रम कम से कम 24 घंटे का जरूर हो। जिलों में बैठक के दौरान जनप्रतिनिधि को उसमें आमंत्रित किया जाए। इसमें सरकारी योजनाओं की समीक्षा की जाए। जनता से सीधा संवाद करें। किसी एक विकास खंड का औचक निरीक्षण करें। दलित, मलिन बस्ती में सहभोज आयोजित किया जाए। विकास कार्यों का स्थालीय निरीक्षण कर गुणवत्ता को परखें। विद्यालयों, अस्पतालों व गो आश्रय स्थलों का निरीक्षण कर स्थिति का पता लगाएं। कानून-व्यवस्था की समीक्षा के साथ महिला सुरक्षा, एससी-एसटी के प्रकरणों में अभियोजन की स्थिति, पुलिस पेट्रोलिंग, बाल यौन अपराध, व्यापारियों की समस्याएं और राजस्व संग्रह के प्रयास की समीक्षा करें। आकांक्षात्मक जिलों के प्रभारी मंत्री वहां तैनात मुख्यमंत्री फैलोशिप योजना के तहत कार्य कर रहे युवाओं से संवाद करें।

सभी मंत्री अपने विभाग की हर हफ्ते समीक्षा करें और अपने सहयोगी राज्यमंत्री को भी इन बैठक में आमंत्रित करें। विभाग की जनहित की परियोजनाओं के क्रियान्वयन में राज्य मंत्रियों को भी जिम्मेदारी दी जाए। जिला मानीटरिंग कमेटी व उद्योग बंधु की बैठक नियमित अंतराल पर आयोजित की जाएं। व्यापारियों की समस्याओं का समाधान किया जाए।

मुख्यमंत्री ने मंत्रिमंडल के सहयोगियों को अपने सरकारी आवास पर रात्रिभोज पर भी आमंत्रित किया। इसमें उन्होंने मोटे अनाज (मिलेट्स) का बना भोजन खिलाया। प्रधानमंत्री के निर्देश पर पूरे देश में इस वर्ष मिलेट वर्ष मनाया जा रहा है। योगी ने सभी मंत्रियों को निर्देश दिए कि वे अपने क्षेत्र में स्थानीय जनप्रतिनिधियों व बुद्धिजीवी वर्ग के लिए सहभोज आयोजित करें और उसमें मोटे अनाज का भोजन खिलाएं। क्योंकि यह अत्यधिक पौष्टिक होता है, इसलिए इसे बढ़ावा दें।

## सीएम व दोनों डिप्टी सीएम को 25-25 जिलों का प्रभार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी जिलों में बेहतर ढंग से विकास व कानून-व्यवस्था ठीक रखने के लिए खुद व दोनों डिप्टी सीएम के साथ मंत्रिमंडल के अन्य सहयोगियों को जिलों का प्रभारी बनाया है। सीएम व दोनों डिप्टी सीएम को 25-25 जिलों का प्रभार दिया गया है। वहीं 26 मंत्रियों को दो-दो जिलों की कमान सौंपी गई है। वित्तमंत्री सुरेश खन्ना को लखनऊ व गोरखपुर का प्रभारी मंत्री बनाया गया है। इसी तरह कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही को अयोध्या व आजमगढ़, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह को प्रयागराज व बांदा, महिला कल्याण मंत्री बेबी रानी मौर्य को झांसी व कानपुर देहात, गन्ना मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी, को अलीगढ़ व इटावा, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह को वाराणसी व बरेली, पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह को मेरठ व संभल, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी को कानपुर नगर व मीरजापुर, श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर को गोंडा व मऊ, लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद को मुरादाबाद व वाराणसी, एमएसएमई मंत्री राकेश सचान को बस्ती व फतेहपुर, नगर विकास मंत्री एके शर्मा को आगरा व सिद्धार्थनगर, उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय को सहारनपुर व फर्रुखाबाद, प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल को लखीमपुर खीरी व सुलतानपुर, मत्स्य मंत्री संजय निषाद को बहराइच व औरैया, आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल को प्रतापगढ़ व बलरामपुर, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल को बिजनौर व हापुड़, स्टांप शुल्क तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन मंत्री रवीन्द्र जायसवाल को सोनभद्र व गाजीपुर, खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव को अंबेडकर नगर व अमेठी, बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह को मथुरा व कासगंज, समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण को गाजियाबाद व हाथरस, सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर को रामपुर व हरदोई, परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह को उन्नाव व देवरिया, पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री नरेन्द्र कश्यप को शाहजहांपुर व चित्रकूट, उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह को जौनपुर व महोबा और आयुष मंत्री दया शंकर मिश्र दयालु को बलिया व महाराजगंज का प्रभारी मंत्री बनाया गया है। 23 मंत्रियों को एक-एक जिले का प्रभारी मंत्री बनाया गया है।

### इन्हें मिला एक जिले का प्रभार

| | |
|---|---|
| गुलाब देवी, माध्यमिक शिक्षा | बदायूं |
| धर्मवीर प्रजापति, कारागार, होमगार्ड्स | जालौन |
| अरुण कुमार सक्सेना, वन, पर्यावरण, जन्तु उद्यान, जलवायु परिवर्तन | बुलंदशहर |
| मयंकेश्वर सिंह, चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, मातृ एवं शिशु कल्याण | सीतापुर |
| दिनेश खटिक राज्यमंत्री, जलशक्ति | शामली |
| संजीव गौड़ राज्यमंत्री, समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण | चंदौली |
| बलदेव औलख, कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान | पीलीभीत |
| अजीत सिंह पाल, विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी एवं आई टी एवं इलेक्ट्रानिक्स | फिरोजाबाद |
| जसवंत सैनी, संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास | बागपत |
| रामकेश निषाद, जलशक्ति | ललितपुर |
| मनोहरलाल मुन्नू कोरी, श्रम एवं सेवायोजन | हमीरपुर |
| संजय गंगवार, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग | अमरोहा |
| बृजेश सिंह, लोक निर्माण | गौतमबुद्धनगर |
| के.पी.मलिक, वन एवं पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन | एटा |
| सुरेश राही, कारागार राज्य मंत्री ( स्व प्र.) से सम्बद्ध | कौशाम्बी |
| डा. सोमेन्द्र तोमर, ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा | मुजफ्फरनगर |
| अनूप प्रधान वाल्मीकि, राजस्व मा. मुख्यमंत्री जी से सम्बद्ध | मैनपुरी |
| प्रतिभा शुक्ला, महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार | रायबरेली |
| राकेश राठौर गुरु, नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन | श्रावस्ती |
| रजनी तिवारी, उच्च शिक्षा | कन्नौज |
| सतीश शर्मा, खाद्य एवं रसद, नागरिक आपूर्ति, मा. मुख्यमंत्री जी से सम्बद्ध | कुशीनगर |
| दानिश आजाद अंसारी, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ | भदोही |
| विजय लक्ष्मी गौतम, ग्राम्य विकास एवं समग्र ग्राम्य विकास तथा ग्रामीण अभियंत्रण | संत कबीरनगर |